समाचार

# अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे विकास, इस पर व्यापक रूप से कार्य कर रही राज्य सरकार–राजस्व मंत्री

## (डगनियाखार को मिली उद्यान की सौगात, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया लोकार्पण)




कोरबा 28 जून 2021 –प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि सभी के विकास के साथ–साथ समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचे, उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार हों, उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हों, इस दिशा में राज्य सरकार व्यापक पैमाने पर योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यो एवं योजनाओं की बदौलत राज्य की तस्वीर बदली है तथा राज्य का तेजी से विकास हो रहा है।

उक्ताशय के विचार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज निगम के वार्ड क्र. 56 डगनियाखार में आयोजित एक लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व आपदा प्रबंधन मद से स्वीकृत तथा 21 लाख 11 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 56 डगनियाखार में गार्डन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, पाली तानाखार विधायक श्री मोहितराम केरकेट्टा तथा निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने फीता काटकर एवं लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर उक्त सुंदर उद्यान को जनता जनार्दन की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 06 वर्षो से अधिक समय से निगम क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य किए गए हैं तथा वर्षो से चली आ रही कठिन समस्याओं को दूर किया गया है, उन्होने कहा कि जहां तक कोरबा पश्चिम क्षेत्र बांकीमोंगरा, सर्वमंगला व दर्री जोन का प्रश्न है, तो निश्चित रूप से यहां भी कोरबा शहर की तर्ज पर ही विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होने कहा कि कोरबा पश्चिम क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या को दूर कर घर–घर में पानी पहुंचाया गया है, बरसों से अंधेरे में डूबी बस्तियों,

मोहल्लों, ग्रामों तक बिजली पहुंचायी गई है, सड़कों का निर्माण कराया गया है तथा इस दिशा में अभी व्यापक रूप से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि सबसे को निःशुल्क चिकित्सा प्राप्त हों, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, स्कूलों में बच्चों के पठन–पाठन हेतु अच्छी सुविधाएं व बेहतर वातावरण निर्मित हों, इस दिशा में व्यापक रूप से कार्य किए जा रहे हैं, जिसके सार्थक परिणाम अतिशीघ्र देखने को मिलेंगे। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने उक्त वार्ड में 20 लाख रूपये के विकास कार्यो को कराए जाने की घोषणा भी की।

वैक्सीन अवश्य लगवाएं– राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए वैक्सीन ही एकमात्र उपाय है, राज्य शासन द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से वैक्सीनेशन का कार्य तेजी के साथ करा रही है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई, वे अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्रों में जाएं तथा वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

राजस्व मंत्री के मार्गदर्शन में समस्याओं का होगा सम्पूर्ण निदान– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सतत मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में विकास को गति एवं दिशा दी जा रही है तथा आगे आने वाले निकट भविष्य में उनके मार्गदर्शन में क्षेत्र की सभी समस्याओं का सम्पूर्ण निराकरण कर लिया जाएगा। उन्होने कहा कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हों, इस हेतु राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल निरंतर मार्गदर्शन देते हैं तथा विकास कार्यो हेतु धनराशि की स्वीकृति भी लगातार उन्हीं के प्रयासों से मिल रही है। महापौर श्री प्रसाद ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष इंजी.सनीष कुमार के आग्रह पर उक्त उद्यान में शौचालय निर्माण हेतु महापौर मद से 05 लाख रूपये की स्वीकृति देने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री की कार्यशैली अनुकरणीय– पाली तानाखार विधायक श्री मोहितराम केरकेट्टा ने इस अवसर पर कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की कार्यशैली निश्चित रूप से अनुकरणीय है, वे जहां भी जाते हैं तथा जिस क्षेत्र की जिम्मेदारी उन्हें दी जाती है, वहां पर वे विकास को सही गति एवं दिशा देते हैं, लोगों को समस्याओं को दूर करने लिए, उनकी मांगों को पूरा करने के लिए, वे सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर, चांपा–जांजगीर एवं गौरेला–पेड्रा–मरवाही जैसे महत्वपूर्ण जिलों की जिम्मेदारी उन्हें दी है, उन पर विश्वास व्यक्त किया है, इससे ही राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की कार्यदक्षता का पता चलता है।

राजस्व मंत्री की लोकप्रियता, किसी से छिपी नहीं– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, उन्होने क्षेत्र के विकास के लिए जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सदैव संघर्ष किया है, यही कारण है कि वे यहां की जनता के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं तथा उनकी यह लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में ही पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा का ऐतिहासिक विकास हुआ तथा विकास के अनेकों प्रतिमान स्थापित हुए।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, मस्तुल सिंह कंवर, पार्षद बसंत चन्द्रा, शाहिद कुजूर, विनय बिंझवार, अजय प्रसाद, एल्डरमेन परमानंद सिंह, गीता गभेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष इंजी.सनीष कुमार एवं अर्चना उपाध्याय, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भुनेश्वरी देवी, रेखा त्रिपाठी, जनकदास कुलदीप, राकेश सिंह कंवर, निगम के जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, अभियंता यशवंत जोगी एवं सुनील टांडे, शत्रुहन श्रीवास, राजकुमार जलतारे, संतोष कश्यप, विनोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अनीता महंत आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।